**प्रेस नोट संख्या- 53**
**दिनांक 25.05.2025**
**सराहनीय कार्य अमेठी पुलिस**
**थाना अमेठी पुलिस द्वारा चोरी का खुलासा, चोरी की 01 मोटरसाइकिल, 01 तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार।**

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 25.05.2025 को क्षेत्राधिकारी अमेठी के कुशल नेतृत्व में थाना अमेठी पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर बिना नंबर प्लेट मोटर साइकिल पर सवार व्यक्ति को रोक कर नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम ओम प्रकाश कश्यप पुत्र रामफल निवासी ग्राम बीरमपुर थाना व जनपद अमेठी उम्र 33 वर्ष बताया। तलाशी से ओम प्रकाश कश्यप उपरोक्त के कब्जे से 01 तमंचा व 01 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। मोटर साइकिल के कागज मांगने पर दिखा न सका। पूछताछ में ओम प्रकाश कश्यप ने बताया कि उक्त मोटर साइकिल को दिनांक 29.04.2025 की रात्रि में वह अपने एक साथी आयूष पुत्र ज्ञान प्रकाश यादव निवासी मनिपुर थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी के साथ मिल कर ग्राम मंगापुर जंगलरामनगर में आयी बारात से चोरी किया था तथा आगे की नंबर प्लेट तोड़ दिया था व पीछे की नंबर प्लेट हटा दिया था। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त ओम प्रकाश कश्यप को गिरफ्तार कर थाना अमेठी पुलिस द्वारा वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता–**

- ओम प्रकाश कश्यप पुत्र रामफल निवासी ग्राम बीरमपुर थाना व जनपद अमेठी उम्र 33 वर्ष।

**बरामदगी-**

1. चोरी की 01 मोटर साइकिल हीरो होण्डा सीडी डीलक्स बिना नंबर प्लेट (मु0अ0सं0 94/25 थाना अमेठी से संबंधित)।
2. 01 तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर।

**पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-**

- मु0अ0सं0 94/25 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस थाना व जनपद अमेठी।
- मु0अ0सं0 123/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना व जनपद अमेठी।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री रवि कुमार सिंह थाना व जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 दिनेश सिंह थाना व जनपद अमेठी।
3. का0 राजेश यादव थाना व जनपद अमेठी।
4. का0 मरगूब अहमद थाना व जनपद अमेठी।